राजधानी में पहली बार इस तरह किया गया सर्वे

# एआइ बताएगा सड़कों में सिंगल क्रेक... गुड और बैड की रेटिंग भी देगा



**जयपुर@पत्रिका.** राजधानी की खस्ताहाल सड़कों की रिपोर्ट तैयार करवाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) की मदद ली गई है। प्रयोग के तौर पर हैरिटेज नगर निगम के किशनपोल जोन और सिविल लाइन्स जोन की क्षतिग्रस्त सड़कों का सर्वे किया गया है। इस सर्वे में सड़कों के गड्ढे से लेकर अन्य जानकारी मिलेगी। बुधवार तक इसकी रिपोर्ट आ जाएगी और उसके बाद इन सड़कों को सही करने का काम शुरू होगा। जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के तहत इस काम को किया जा रहा है। अब तक मौके पर जाकर कनिष्ठ अभियंता रिपोर्ट तैयार करते थे। इसमें समय ज्यादा लगता था और सटीकता भी नहीं होती थी।

**सर्वे में ये भी मिलेगी जानकारी :** इस सर्वे में एआइ न सिर्फ सड़कों की स्थिति बताएगा, बल्कि रोड साइड फर्नीचर की रिपोर्ट भी तैयार करेगा। इसमें साइन एज बोर्ड, बस स्टॉपेज, डिवाइडर, स्ट्रीट लाइट, ड्रेनेज, सीवर लाइन के बारे में भी जानकारी मिलेगी।

प्रयोग के तौर पर 20 किमी की सड़कों का एआइ के जरिए सर्वे कराया है। परिणाम बेहतर आए तो पूरे शहर का सर्वे इसी तकनीक से कराएंगे। दोनों नगर निगम रिपोर्ट के आधार पर सड़कों का काम कर सकेंगे। - **अभिषेक सुराणा,** सीईओ, जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

## ऐसे किया काम

- एक गाड़ी के पीछे हाई टेक्नोलॉजी का कैमरा लगाया जाता है। इसमें सड़कों और रोड साइड फर्नीचर की रिकॉर्डिंग हुई है। एआइ का उपयोग करते हुए रिपोर्ट तैयार की जाएगी।
- 20 किमी सड़क की रिकॉर्डिंग महज पांच घंटे में पूरी हो गई और अगले तीन दिन में जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड को रिपोर्ट भी सौंप दी जाएगी।

## ये होगा फायदा

- सर्वे में सटीकता आने का दावा किया गया है। सड़क के सिंगल क्रेक तक की जानकारी रिपोर्ट में मिल जाएगी।
- इंडियन रोड कांग्रेस (आइआरसी) के अनुसार एआइ सर्वे की गई सड़क की रेटिंग भी देगा। यानी कौन सी सड़क अच्छी है, कौन सी खराब और कौन सी बहुत खराब।
- इस रिपोर्ट और बजट के आधार पर शहरी सरकारें प्राथमिकता के आधार पर सड़कों के काम कर सकेंगी।